Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/2021-2023 Post AD No. 8


भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

**सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक**

**हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी**

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

वर्ष-३१ अंक-१-२ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो ०१ जनवरी- ३१ जनवरी २०२३ (संयुक्तांक) पृष्ठ १२ मूल्य:२० रु.मात्र + डाक खर्च (रंगीन सहित)

## २१वीं सदी में देश के तीव्र विकास के लिए रेलवे का तीव्र गति से विकास और सुधार बहुत आवश्यक –पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ३० दिसंबर, २०२२ को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हावड़ा को न्यू जलपाईगुड़ी से जोड़ने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई।

पसूका/नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिनांकः ३०.१२.२०२२ को हावड़ा को न्यू जलपाईगुड़ी से जोड़ने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री ने जोका- एस्प्लेनेड मेट्रो परियोजना (पर्पल लाइन) के जोका- तारातला खंड का भी उद्घाटन किया। उन्होंने बोन्वी- शक्तिगढ़ तीसरी लाइन, दानकुनी- चंदनपुर चौथी लाइन परियोजना, निमतिता-न्यू फरक्का दोहरी लाइन और अंबारी फलाकाटा- न्यू मयनागुरी- गुमानीहाट दोहरीकरण परियोजना सहित चार रेलवे परियोजनाएं भी राष्ट्र को समर्पित की। प्रधानमंत्री ने न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला भी रखी। उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने आज व्यक्तिगत रुप से नहीं आ पाने के लिए क्षमा मांगी। उन्होंने कहा कि यह बंगाल की भूमि को नमन करने का दिन है क्योंकि बंगाल के हर हिस्से में स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास समाया हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने आजादी का अमृत महोत्सव के समारोह के दौरान ४७५ वंदे भारत ट्रेनें शुरू करने का संकल्प लिया था और आज हावड़ा से न्यू जलपाईगुड़ी के लिए रवाना होने वाली यह ट्रेन उनमें से ही एक है। आज जिन कई परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया जा रहा है, उनका उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए लगभग ५००० करोड़ रुपये खर्च कर रही है।




## अनिल कुमार लाहोटी बने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, किया पदभार ग्रहण



पसूका/नई दिल्लीः अनिल कुमार लाहोटी ने रेलवे बोर्ड (रेल मंत्रालय) के नये अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) का पदभार दिनांकः ०१.०१.२०२३ को ग्रहण कर लिया। अनिल कुमार लाहोटी, इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ इंजीनियर्स के १९८४ बैच के अधिकारी हैं। इन्हें भारत सरकार द्वारा अनुमोदित इंडियन रेलवे मेनेजमेंट सर्विस की लेवेल-१७ की पहली पेनल में शामिल किया गया। उन्होंने माधव इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, ग्वालियर से सिविल इंजीनियरिंग में गोल्ड मेडल के साथ स्नातक किया है और रुड़की विश्वविद्यालय (आईआईटी, रुड़की) से मास्टर ऑफ इंजीनियरिंग (स्ट्रक्चर्स) किया है। रेलवे में अपने ३६ वर्षों से अधिक के सेवा काल के दौरान, उन्होंने मध्य, उत्तर, उत्तर मध्य, पश्चिम और पश्चिम मध्य रेल और रेलवे बोर्ड में विभिन्न पदों पर कार्य किया है। इससे पूर्व, वह मध्य रेल के महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। और कई महीनों तक पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला था। महाप्रबंधक के रूप में उनके कार्यकाल में सबसे अधिक संख्या में किसान रेल चलाने और राजस्व के मामले में उन्हें अब तक का सबसे अधिक माल और पार्सल यातायात (टन में) प्राप्त करने का श्रेय प्राप्त है। उन्होंने गैर-किराया, स्क्रैप की बिक्री और व्यापक टिकट जांच अभियान द्वारा राजस्व में रिकॉर्ड सुधार का कार्य भी किया है।

# भारतीय रेलवे को कमियों को दूर करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है: राष्ट्रपति मुर्मु



पसूका/नई दिल्लीः भारतीय रेलवे के परिवीक्षाधीनों प्रोबेशनर ने भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से दिनांक १६ दिसंबर, २०२२ को राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रपति ने अधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, "रेलवे कई लोगों के लिए वास्तविक जीवन रेखा है, जो दैनिक आधार पर नौकरी या व्यवसाय के लिए अपने कार्यस्थलों पर जाते हैं। भारतीय रेलवे के अधिकारियों के कंधों पर एक बड़ी जिम्मेदारी है, क्योंकि वे हर दिन लोगों को आजीविका प्राप्त करने में सहायता करते हैं। कई लोग रोगों के उपचार के लिए यात्रा भी करते हैं। आम लोगों के जीवन में रेलवे की भूमिका हमेशा की तरह महत्वपूर्ण बनी हुई है। रेलवे ने पूरे देश में यात्रा व विचारों और सूचनाओं के आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया है। राष्ट्रपति ने कहा कि आज जब भारत राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ रहा है, इस कारण हम व्यक्ति और सामानों की अधिक आवाजाही देख रहे हैं। यह भविष्य में बढ़ने वाला है। इसे देखते हुए भारतीय रेलवे को भी नवीनतम डिजिटल तकनीकों को अपनाना चाहिए और सुरक्षित, समय की बचत, अधिक सुविधाजनक व उच्च गुणवत्ता वाली परिवहन सेवाओं को लेकर उन्नत सुविधाओं की उपलब्धता के लिए नए रास्तों की खोज करनी चाहिए। राष्ट्रपति ने आगे कहा, "हम सभी ट्रेन यात्रा से जुड़ी यादें लेकर चलते हैं। यह सुनिश्चित करना भारतीय रेलवे के अधिकारियों का कर्तव्य है कि लोग आरामदायक तरीके से यात्रा करें, जिससे उनके साथ इसकी अच्छी यादें जुड़ी रहें। राष्ट्रपति ने अधिकारियों को दिव्यांग व्यक्ति, महिला व वृद्धजनों की जरूरतों को पूरा करने और उन्हें एक सुरक्षित व सुविधाजनक यात्रा का अनुभव प्रदान करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे को कमियों को दूर करने और एक समावेशी व आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। राष्ट्रपति ने कहा कि नई और फिर से उन्नतशील भारत की सोच के अनुरूप भारतीय रेलवे ने बड़ी विकास परियोजनाएं शुरू की हैं। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की लंबाई का ५६ फीसदी से अधिक काम पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि इससे कार्य और वहन क्षमता में बढ़ोतरी होगी। इस प्रकार माल परिवहन में क्रांति आएगी और रेल नेटवर्क का रूपांतरण होगा। इन गलियारों के माध्यम से माल ढुलाई लागत और लॉजिस्टिक लागत में भी काफी कमी आएगी। राष्ट्रपति ने आगे बताया कि देश में मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी के लिए प्रधानमंत्री गति शक्ति, तेज गति वाली रेल परियोजनाएं, हाइपरलूप आधारित परिवहन, चार धाम रेल परियोजना, सेतु भारतम् जैसे कार्यक्रम औद्योगिक, वाणिज्यिक और पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने वाले हैं।

## अनिल श्रीवास्तव बने सहायक वाणिज्य प्रबंधक आगरा



रे.स.ब्यू./सूत्र झांसी- देवानंद यादव वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक (द्वितीय) झांसी की अध्यक्षता में दिनांकः २६.१२.२२ को अनिल श्रीवास्तव मुख्य वाणिज्य निरीक्षक, झाँसी को सहायक वाणिज्य प्रबंधक, आगरा के रूप में नये कार्यभार संभालने हेतु झाँसी मंडल में विदाई समारोह आयोजित किया गया। अनिल की पदोन्नति सहायक मंडल प्रबंधक आगरा के पद पर की गयी है पविदाई समारोह के दौरान सहायक वाणिज्य प्रबंधक पंकज त्रिपाठी, जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार सिंह सहित सभी वाणिज्य कर्मचारियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।

## ऑल इंडिया एससी एसटी रेलवे कर्मचारी संगठन की बैठक आयोजित




रे.स.ब्यूरो./सूत्रः बिलासपुर –जोनल मुख्यालय बिलासपुर में आलोक कुमार, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की उपस्थिति में दिनांक २१ दिसम्बर, २०२२ को ऑल इंडिया एससी एसटी रेलवे कर्मचारी संगठन, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के पदाधिकारियों के साथ इस साल की दूसरी अनौपचारिक बैठक आयोजित की गई । इस बैठक में अ ल इंडिया एससी एसटी रेलवे कर्मचारी संगठन के जोनल प्रेसिडेंट एम.एस. खोब्रागड़े, जोनल सेक्टरी प्रभात पासवान एवं अन्य तीनों मंडलो के पदाधिकारीगण के साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी विभागों के विभाग प्रमुख उपस्थित थे । इस बैठक में ऑल इंडिया एससी एसटी रेलवे कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने महाप्रबंधक आलोक कुमार के समक्ष एससी एसटी रेलवे कर्मचारियों के कल्याण से संबंधित अनेको मुद्दो पर चर्चा की। सभी विभागों के विभाग प्रमुखों ने ऑल इंडिया एससी एसटी रेलवे कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों द्वारा कर्मचारियों के कल्याण से संबंधित उठाए गए मुद्दो पर विभागवार जानकारी दी । इस अवसर पर महाप्रबंधक ने कहा कि कर्मचारियों की किसी भी समस्याओं का नियमानुसार निराकरण करें । साथ ही उन्होने आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए । प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री आर. के. अग्रवाल के द्वारा बैठक का समन्वयन किया गया । इस बैठक में कर्मचारियों के मूलभूत शिकायतों, समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक कदम उठाने की बात कही गई।

## "वन स्टेशन वन प्रोडक्ट" योजना के अंतर्गत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के स्टेशनों पर स्थानीय उत्पादों की बिक्री का स्टॉल




रे.स.ब्यूरो./सूत्रः बिलासपुरः रेलवे की व्यापक पहुंच और महत्व को ध्यान में रखते हुये स्थानीय उत्पादों को देशभर में लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से वर्ष २०२२-२३ के केंद्रीय बजट में "वन स्टेशन वन प्रोडक्ट" योजना की घोषणा की गई थी । इस योजना के तहत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर स्थानीय कपड़ों, हस्तशिल्प, मिटटी से निर्मित वस्तुएं, हथकरघा, बांस के उत्पाद, वनोपज आदि को बढ़ावा देने की योजना बनायीं गई है । इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ३१ स्टेशनों में लगभग ४० स्टाल लागए गए है, जिसमें स्थानीय स्तर पर निर्मित एवं प्रसिद्ध वस्तुओं की बिक्री की जा रही है । इन स्टेशनों में बिलासपुर, अनुपपुर, चांपा, कोरबा, पेंड्रारोड, रायगढ़, शहडोल, सक्ती, नैला, अकलतरा, उसलापुर, बुढ़ार, अम्बिकापुर, बिश्रामपुर, रायपुर, दुर्ग, भिलाई पावर हाउस, मरौदा, दल्लीराजहरा, भाटापारा, इतवारी, गोंदिया, नैनपुर, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, तुमसर रोड, भंडारा रोड, बालाघाट, कांप्टी, घंसौर एवं छिंदवाड़ा स्टेशन शामिल है ।

इस योजना के अंतर्गत बिलासपुर रेलवे स्टेशन में छतीसगढ़ के प्रसिद्ध ढोकरा कला द्वारा निर्मित बेल मेटल कलाकृतियों, रायपुर स्टेशन में बस्तर आर्ट एवं गन मेटल का सामान, इतवारी, गोंदिया, राजनांदगांव में बांस के उत्पाद की बिक्री की जा रही है, इन स्टालों में उपलब्ध कलाकृतियों के माध्यम से स्थानीय कारीगरों द्वारा बनाए गए इन विलक्षण कलाकृतियों से यात्री परिचित हो रहे हैं साथ ही आवश्यकतानुसार इसकी खरीददारी भी कर रहे हैं तथा इनकी कारीगरी की तारीफ भी कर रहे हैं ।

वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना की इस अभिनव पहल से जहां मेक इन इंडिया का सपना साकार हो रहा है वहीं स्थानीय लघुकार, कारीगरों, हस्तशिल्पों की आय में वृद्धि भी हो रही है तथा स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने में भी मदद मिल रही है तथा यात्रीगण इन स्थानीय स्वदेशी सामान की खरीदी कर इस कार्य में लगे कामगारों को रोजगार उपलब्ध कराने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान कर रहे हैं ।

## राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार को लगी प्रदर्शनी



रे.स.ब्यूरो./सूत्रः उत्तर मध्य रेलवे महाप्रबंधक कार्यालय में सरकार की राजभाषा नीति के अनुसार राजभाषा के प्रयोग में बहुआयामी प्रगति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बिजली विभाग द्वारा किए जा रहे राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार के कार्यों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में बिजली विभाग द्वारा हिंदी में किए जा रहे कार्यों की आकर्षक प्रस्तुति की गई। महाप्रबंधक सतीश कुमार ने मंगल दीप प्रज्ज्वलित कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक सतीश कुमार ने कहा कि हमारी रेलवे पूरी तरह हिंदी भाषी क्षेत्र में है, अतः हमें पूरी प्रतिबद्धता एवं दायित्व भावना के साथ अपने सरकारी कार्यों में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए और राजभाषा हिंदी के निरंतर प्रयोग-प्रसार के क्षेत्र में अग्रणी रेलवे की भूमिका निभानी चाहिए। महाप्रबंधक सतीश कुमार ने बिजली विभाग द्वारा राजभाषा हिंदी में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की और विभाग के कर्मचारियों के लिए पाँच हजार रूपए की पुरस्कार की घोषणा की। इस क्रम में संसदीय राजभाषा समिति के निरीक्षण से संबंधित मदों के अनुसार बिजली विभाग द्वारा हिंदी में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। कार्यक्रम के आरंभ में मुख्य बिजली इंजीनियर/ईईएम अनुपम सिंहल द्वारा महाप्रबंधक सतीश कुमार का स्वागत किया गया और और उन्हें विभाग द्वारा हिंदी में किए जाने वाले तकनीकी और सामान्य कार्यों से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एस. के. सिंह, सचिव/महाप्रबंधक अजय सिंह, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, उप महाप्रबंधक/सामान्य अंकुर चंद्रा, उप मुख्य बिजली इंजीनियर आफताब अहमद तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में राजभाषा तथा बिजली विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## रेलवे विद्युतीकरणः इलेक्ट्रिक इंजन ट्रायल रन के साथ पीसीईई निरीक्षण सम्पन्न



साभारः भारतीय रेल के १०० प्रतिशत विद्युतीकरण मिशन को जारी रखते हुए, केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन के तहत न्यू जलपाईगुड़ी परियोजना इकाई ने लामडिंग मंडल के सेनचोवा-सिलघाट टॉउन खण्ड पर (आरकेएमः ६०.७२ व टीकेएमः ६४.२६) को शुरु कर एक और उपलब्धि हासिल की हैं। न्यू जलपाईगुड़ी के मुख्य परियोजना निदेशक, मृत्युंजय मिश्रा के नेतृत्व और मार्गदर्शन में माल और यात्री ट्रेनों को चालू करने के लिए अनिवार्य पीसीईई निरीक्षण के बाद उत्कृष्ट कार्य प्राप्त किया गया हैं। पीसीईई को खण्ड अ फर करने से पहले १८/११/२०२२ को लोको ट्रायल स्पीड सफलतापूर्वक कर लिया गया हैं। पीसीईई, रविलेश कुमार ने १६/१२/२०२२ को खण्ड पर तकनीकी पहलुओं का बारिकी से निरीक्षण किया और ओएचई प्रणाली की विश्वसनीयता और सुरक्षा में सुधार के लिए सलाह दी।इस कमीशनिंग से गुवाहाटी से सिलघाट टॉउन बीच इलेक्ट्रिक इंजन रेलगाड़ियों का संचालन हो सकेगा जिससे औसत गति में वृद्वि होगी। भारतीय रेल पर नवीनतम महत्वाकांक्षी मिशन को भी बढ़ावा देगा। डीजल इंजनों पर निर्भरता को कम करके और ईंधन आयात के कारण वित्तीय बोझ को कम करने में भारत की मदद करेंगे।

''शक्ति के अभाव में विश्वास व्यर्थ है। विश्वास और शक्ति, दोनों किसी महान काम को करने के लिए आवश्यक हैं।''

-सरदार वल्लभभाई पटेल

## उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में राष्ट्रीय उर्जा संरक्षण प्रदर्शनी का किया आयोजन



रे.स.ब्यूरो./सूत्रः प्रयागराजः उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय सूबेदारगंज में विद्युत विभाग द्वारा राष्ट्रीय उर्जा संरक्षण प्रदर्शनी लगाई गई। दिनांक १५.१२.२०२२ को इस अवसर पर प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता सतीश कुमार कोठारी ने महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे सतीश कुमार को पुष्प गुच्छ दे कर स्वागत किया। कुमार ने उर्जा संरक्षण प्रदर्शनी का दीप प्रज्वलन एवं फीता काट कर शुभारंभ किया और उर्जा संरक्षण प्रदर्शनी में लगी स्टॉलो का अवलोकन किया। उर्जा संरक्षण प्रदर्शनी में प्रयागराज मंडल के विद्युत विभाग, विद्युत लोको शेड कानपुर, झाँसी के द्वारा लगे स्टॉलो में उर्जा की बचत से संबंधित उपकरणों को प्रदर्शनी में दर्शाया गया। प्रयागराज मंडल विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बिजली बचत का संदेश दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय उर्जा संरक्षण प्रदर्शनी में सूर्या, हैवेल्स, ओरेवा, आदि कम्पनियों ने बिजली बचत के उपकरणों का प्रचार करने के लिए विभिन्न स्टाले लगाई। इस अवसर पर महाप्रबंधक कुमार ने सर्वप्रथम प्रधान मुख्य बिजली इंजीनियर एवं उनकी टीम को कानपुर सेंट्रल स्टेशन को राष्ट्रीय उर्जा संरक्षण पुरुस्कार प्राप्त होने पर बधाई दी और उन्होंने आगे कहा कि उर्जा की बचत करने एवं सोलर उपकरणों का ज्यादा उपयोग करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने यह भी बताया कि उपकरणों का सही समय पर मेंटेनेंस कर के भी हम ऊर्जा की अधिक खपत को रोक सकते हैं और महाप्रबंधक सतीश कुमार एवं सभी प्रधान विभागाध्यक्षों ने गुब्बारे के माध्यम से राष्ट्रीय उर्जा संरक्षण का संदेश हवा में छोड़े ज्ञात हो उत्तर मध्य रेलवे दिनांक १२.१२.२०२२ से १८.१२.२०२२ तक राष्ट्रीय उर्जा संरक्षण सप्ताह मनाया गया प्इस सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक चंद्र प्रकाश गुप्ता और प्रयागराज मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मोहित चंद्रा, प्रधान कार्यालय के सभी प्रधान विभागाध्यक्ष और मुख्यालय एवं मंडल अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## प्रयागराज मंडल में किया गया ”पेंशन अदालत“ का आयोजन




रे.स.ब्यूरो./सूत्र. उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मंडल में कार्मिक विभाग द्वारा दिनांक १५ दिसम्बर २०२२ को पेंशन अदालत का आयोजन किया गया। प्रयागराज मंडल द्वारा निरंतर पेंशनरों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करते हुए रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार पेंशन अदालतों का आयोजन किया जाता रहा है, जिसका उद्देश्य पेंशनरों की परिवादों का नियमानुसार सकारात्मक समाधान करना होता है। कार्मिक विभाग को सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा पेंशन संबंधी ४८ आवेदन प्राप्त हुए थे। कार्मिक विभाग एवं लेखा विभाग के संयुक्त प्रयासों से सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों के सभी ४८ मामलों का सकारात्मक निस्तारण नियमानुसार किया गया। अंत में, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी मनीष खरे द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

इस कार्यक्रम में मंडल कार्मिक अधिकारी के.एल. जायसवाल, मंडल वित्त प्रबंधक अनम सिद्दीकी एवं कर्मचारी कल्याण निरीक्षक इसके अतिरिक्त ऑल इंडिया रिटायर्ड रेलवे मेंस फेडरेशन, एनसीआर प्रयागराज के अध्यक्ष सुशील कुमार श्रीवास्तव इत्यादि उपस्थित रहे।

**सम्पादकीय**

## लियोनेल मेस्सी: जज्बा जीत का

फीफा विश्वकप में यह बात अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी ने साबित कर दिखाया। वे अपनी टीम के साथ विश्व कप जीतने के संकल्प के साथ ही पहुंचे थे। पेले और डिएगो माराडोना के बाद वे पहले ऐसे फुटबाल खिलाड़ी हैं, जिनका जादू पूरी दुनिया के खेल प्रेमियों के सिर चढ़ कर बोला। वह न केवल इस नैतिक दबाव के साथ मैदान में उतरी थी कि उसे अपने कप्तान को शानदार तोहफा देकर विदा करना था, बल्कि दुनिया भर के फुटबाल प्रेमियों के भरोसे पर भी खरा उतरना था।इसमें वह कामयाब हुई।उनके हर गोल पर जश्न मना। इस जीत से मेस्सी निस्संदेह दुनिया के फुटबाल इतिहास में जीवित किंवदंती बन गए हैं और इस तरह वह बहस भी समाप्त हो गई है कि माराडोना और उनमें से कौन सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी है।हालांकि हर टीम जीतने के इरादे के साथ ही खेल के मैदान में उतरती है और उसके लिए अपनी सारी ताकत झोंक देती है। मगर मेस्सी ने विश्वकप शुरू होने से पहले ही एक तरह से संकेत दे दिया था कि इस बार की प्रतिस्पर्धा उनके लिए प्रतिष्ठा से जुड़ी है। विश्वकप से संन्यास की घोषणा भी उन्होंने पहले ही कर दी थी। इसलिए दुनिया भर के खेल प्रेमियों की भावना उनसे जुड़ गई थी। सब यही चाहते थे कि मेस्सी की टीम जीते और वे एक शानदार पारी खेल कर विदा हों। मगर अर्जेंटीना के सामने फ्रांस की टीम एक बड़ी चुनौती थी। वह पिछली बार की विश्वकप विजेता थी और उसने दुबारा यह खिताब अपने नाम करने के लिए कड़ी मेहनत की थी। उसके खिलाड़ियों ने अपनी रणनीतिक कुशलता से अर्जेटीना के लिए हर कदम पर मुश्किलें खड़ी की। मगर मेस्सी की नेतृत्व कुशलता की तारीफ करनी होगी कि उन्होंने अपनी टीम का मनोबल कमजोर नहीं होने दिया और एक तरह से हारती हुई बाजी अपनी मुट्ठी में कर ली।

# प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले एथलीटों को रहने की बेहतर सुविधाएं होंगी प्राप्त: अनुराग ठाकुर



पसूका/नई दिल्लीः केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने पटियाला में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान (एसएसएन आईएस) का दौरा किया और ३०० बिस्तर वाले एक नए छात्रवास का उद्घाटन किया, जिसकी निर्माण लागत २६.७७ करोड़ रुपये है। अनुराग ठाकुर ने भारत के महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद और धाविका पीटी उषा को समर्पित छात्रवासों का भी उद्घाटन किया, जिन्हें ५.२५ करोड़ की कुल लागत से पुनर्निर्मित और उन्नत किया गया है। उद्घाटन के दौरान संबोधित करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा, सरकार का प्रयास एथलीटों को सर्वोत्तम संभव सुविधाएं उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने हमेशा एथलीटों को सभी नीतियों के केंद्र में रखने के महत्व पर बल दिया है। यह ३०० बिस्तरों वाला छात्रवास एवं पुराने छात्रवासों का उन्नयन इस दिशा में एक और कदम है, ताकि इस प्रतिष्ठित केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले एथलीटों को रहने की बेहतर सुविधाएं प्राप्त हो सकें। अनुराग ठाकुर ने एनएसएन- आईएस पटियाला में शैक्षणिक पाठ्यक्रम में पहली बार शामिल स्पोर्ट्स परफॉर्मेंस एनालिसिस कोर्स का भी उद्घाटन किया। इस पाठ्यक्रम के छात्रों के पहले बैच के साथ बातचीत करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा, एक एथलीट की वास्तविक क्षमता का आकलन करने के लिए खेल विज्ञान और खेल प्रदर्शन विश्लेषण को शामिल करना बहुत महत्वपूर्ण है, जो अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत के समग्र प्रदर्शन को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभा सकता है। अपनी यात्रा के दौरान अनुराग ठाकुर ने ४०० से अधिक एथलीटों और प्रशिक्षुओं के साथ बातचीत की और उन्हें खेलों पर ध्यान केंद्रित करने तथा देश को गौरवान्वित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने एथलीटों से केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं और वर्तमान ढांचे में सुधार के बारे में जानकारी मांगी। पिछले कुछ वर्षो के दौरान साई पटियाला ने कई विख्यात एथलीट देश को दिए हैं। जिन्होंने विश्व चौंपियनशिप और ओलंपिक पदक सहित देश के लिए कई पुरस्कार जीते हैं। वर्ष २०२१ में, साई पटियाला के एथलीटों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में छह स्पर्धाओं में कुल ७२ पदक जीते।

वर्ष २०२२ में यह संख्या बढ़कर १६५ पदकों तक पहुंच गई। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर साई पटियाला के एथलीटों ने राष्ट्रमंडल चौंपियनशिप, यूरोपीय ओपन और जूनियर विश्व चौंपियनशिप जैसी प्रतियोगिताओं में १६ पदक जीते हैं।

# अपर मंडल रेल प्रबंधक, रायपुर लोकेश विश्नोई रेलवे बोर्ड के रजक पदक से हुए सम्मानित



रे.स.ब्यूरो./सूत्रः बिलासपुर क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक दिनांक १६ दिसम्बर, २०२२ को आलोक कुमार, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, की अध्यक्षता में संपन्न हुई । इस बैठक में राजभाषा में विशेष योगदान के लिए अपर मंडल रेल प्रबंधक, रायपुर लोकेश विश्नोई को वर्ष-२०२० का रेलवे बोर्ड के रजक पदक से सम्मानित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक ने कहा कि यह महत्वपूर्ण बैठक है और राजभाषा के प्रयोग के प्रति कर्मियों में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए ई–पुस्तक की अवधारणा को लागू करना सार्थक होगा जहां डेस्कटॉप या मोबाइल के माध्यम से पुस्तकों को आसानी से पढ़ा जा सकेगा। इसकी शुरूआत मुख्यालय से हो। पाठकगण यदि तकनीकी किताबें, साहित्य और लघु कहानियां इत्यादि पढ़ना चाहें तो ई-लाइब्रेरी के माध्यम से इन्हें पढ़ना सुलभ हो सकेगा। इस प्रकार एक ई- पुस्तक को रेलवे के कई पुस्तकालयों के पाठकों को पढ़ने का फायदा मिलेगा। महाप्रबंधक महोदय ने आगे कहा कि सभी मंडलों से प्राप्त सुझावों को प्राप्त करते हुए एक मास्टर सूची बनाई जाए और ई-पुस्तकालय हेतु डिजाइन करें ताकि किताबों को खोजने और पढ़ने में आसानी होगी । उन्होने अन्य मदों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें राजभाषा की प्रगति हेतु तय किये गये लक्ष्य बहुत सारी चीजों को ध्यान में रखकर तैयार किये जाते हैं, किन्तु लक्ष्य प्राप्त् करने के बाद वहीं न रूके बल्कि उससे निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास करते रहें। जहां 'क', 'ख' और 'क्षेत्रों' के लक्ष्यों के प्रतिशत में अंतर है, वहां शतप्रतिशत का पालन करें. डिक्टेशन के माध्यम से कार्य को बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक कार्यशालाएं आयोजित की जाए जिससे कनिष्ठ अधिकारियों को त्वरित काम निपटान में आसानी हो।

इस बैठक के प्रारंभ में मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य कारखाना प्रबंधक अमिताव चौधरी ने अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों का अभिनंदन करते हुए बैठक के आवश्यक मदों को रेखांकित करते हुए मूल पत्रचार शतप्रतिशत लिखना, अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों के उत्तर अधिक से अधिक देना एवं धारा ३ (३) के दस्तावेजों का शतप्रतिशत अनुपालन करने पर बल दिया । वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी ने बैठक में कार्यसूची की प्रस्तुति करते हुए बैठक का संचालन किया एवं बैठक के अंत में अध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया ।

# METRO STAFF RESCUE AN INDISPOSED LADY PASSENGER



Source:Metro Railway/ Kolkata: On 17.12.2022 at 16.40 hrs, a lady passenger at Baranagar station suddenly started to feel unwell. Seeing her condition, on-duty station and RPF staff rushed to her help. She was brought to the Station Master's office on a wheelchair and administered the first-aid. After sometimes, she felt well. She wanted to go home and gave the station staff her uncle's phone number. After sometimes i.e at about 17.25 hrs, her uncle came to the station after being informed over phone and intended to take her home. After complying with all official formalities, she was allowed to leave the station with her uncle. Thereafter, both of them thanked Metro Railway authority for the kind co-operation and help before leaving the station.

## झांसी मंडल में संरक्षा पुरस्कार प्रदान किये गए



रे.स.ब्यूरो./संवाः झांसी मंडल में संरक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। दिनांकः १६.१२.२२ को इस कार्यक्रम मे इन रेल कर्मियों द्वारा विभिन्न गेटों और अपने कार्य क्षेत्र के रेल खंडों पर प्रशंसनीय कार्य करते हुए सर्तकता एवं जागरूकता का पालन किया गया। जिससे रेलवे परिसम्पत्तियों को क्षति होने से बचाया गया। इनके सजकता एवं सर्तकता पूर्ण कार्य ने जान और माल दोनों की रक्षा की है जिसके लिये इन कर्मचारियों को रू १०००.०० नकद पुरस्कार एंव प्रशस्ति पत्र अपर मंडल रेल प्रबन्धक/इंफ्रा विवेक मिश्र एवम् अपर मंडल रेल प्रबंधक/ परिचालन अतुल कनौजिया द्वारा प्रदान किये गये।कर्मचारी के नाम प्रकाश चंद्र/पेट्रोलमैन/ हरिपालपुर, श्यामलाल ट्रैकमैन माताटीला, कल्लू ट्रैकमैन-चित्रकूट धाम कर्वी, अलख निरंजन पटेल ट्रैकमैन-बाँदा, प्रेमदास ट्रैकमैन-चित्रकूट धाम कर्वी, विनय कुमार ट्रैकमैन- बाँदा अशुल रावत ट्रैकमैन-बबीना, मीठा लाल मीना ट्रैकमैन-बबीना है।

इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी झांसी अतुल यादव उपस्थित रहे।

## उत्तर मध्य रेलवे ने ऑल इंडिया इंटर रेलवे क्रॉस कंट्री चौंपियनशिप में महिला तथा पुरुष वर्गो में जीते रजत पदक



रे.स.ब्यूरो./सूत्रः दिनांक १४ दिसंबर २०२२ को आयोजित हुई अखिल भारतीय अंतर रेलवे क्रॉस कंट्री चौम्पियनशिप में उत्तर मध्य रेलवे की महिला खिलाड़ियों की टीम और पुरुष टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दोनो वर्ग में रजत पदक जीता। उत्तर मध्य रेलवे की एथलेटिक्स कोच रागिनी गौड़ एवं मैनेजर, दिवाकर शुक्ला के नेतृत्व में अमरकंटक, में ५३वीं अखिल भारतीय रेलवे क्रॉस कंट्री चौंपियनशिप (महिला एवं पुरुष) में प्रतिभाग के लिए गयी थी। इस प्रतियोगिता में भारतीय रेल की ११ पुरुष एवं ०६ महिला टीमों ने प्रतिभाग किया था। प्रतियोगिता में उत्तर मध्य रेलवे की छवि यादव ने १० किलो मीटर रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया। महिला टीम में प्रयागराज मंडल में कार्यरत छवि यादव, नंदिनी गुप्ता, रिशु सिंह, कविता यादव, संगिनी देवी थीं। पुरुष टीम में बहादुर पटेल, विरेन्द्र कुमार पाल, राज कुमार सिंह, अजय वीर सिंह, अजीत कुमार, वासुदेव निषाद थे। उत्तर मध्य रेलवे की टीम ने महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे सतीश कुमार से उनके कार्यालय में जाकर उनको उपलब्धियों से अवगत कराया। महाप्रबंधक ने इस क्रॉसकंट्री टीम के खिलाड़ियों से प्रत्येक के विषय में जानकरी ली और उनको हासिल की गई शानदार उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए आगे बेहतर प्रदर्शन के लिए सराहना की। महाप्रबंधक ने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी वे उत्तर मध्य रेलवे और राष्ट्र के लिए इसी तरह की उपलब्धियां हासिल करेंगे। इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के अध्यक्ष अजय कुमार राणा, महासचिव हिमांशु शेखर उपाध्याय, सचिव/ महाप्रबंधक अजय सिंह, उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के अन्य पदाधिकारी तथा उत्तर मध्य रेलवे स्पोर्ट्स सेल इंचार्ज दिनेश यादव उपस्थित रहे ।

> हिंदी वह धागा है जो विभिन्न मात भाषाओं रूपी फूलों को पिरोकर भारत माता के लिए सुंदर हार का सर्जन करेगा।
>
> डॉ जाकिर हुसैन

## १२१ वें प्रबंधक विकास कार्यक्रम का आयोजन

रे.स.ब्यूरो./सूत्र. सुपरवाईजर प्रशिक्षण केंद्र झाँसी में नवीन कुमार वरिष्ठ उप महाप्रबंधक प्रयागराज के निर्देशन तथा संतोष बाजपेयी सहायक उप महाप्रबंधक प्रयागराज के नेतृत्व में दिनांक १२.१२.२०२२ से १६.१२.२०२२ तक प्रबंधन विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में मुख्यालय से ०६, प्रयागराज मंडल से १०, झाँसी मंडल एवम कारखाना से १७, आगरा मंडल से ०७ तथा कारखाना सिथौली से ०२ सहित कुल ४२ सुपरवाईजारों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य सामग्री प्रबंधक आशीष कुमार अग्रवाल, उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी (निर्माण) झाँसी वी. के. तिवारी, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी/सीएमएलआर/ झाँसी राजेश कुमार गुप्ता, उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक अनुपम सक्सेना, उप निदेशक सुपरवाईजर प्रशिक्षण केंद्र झाँसी शिवेंद्र एवं अन्य व्याख्याताओं द्वारा समय प्रबंधन, वित्त प्रबंधन, तनाव प्रबंधन, अनुशासन एवं अपील नियम, नेतृत्व, टेंडर एवं कॉन्ट्रैक्ट्स तथा अन्य विभिन्न विषयों पर व्याखान दिए गए।

कार्यक्रम में "सरकारी तंत्र में निजीकरण वरदान या अभिशाप" विषय पर निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक के साथ पुरस्कार राशि तथा चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सांत्वना राशि का पुरस्कार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का समापन दिनांक १६.१२.२०२२ को वरिष्ठ उप महाप्रबंधक नवीन कुमार प्रयागराज द्वारा आशुतोष मंडल रेल प्रबंधक, झाँसी की उपस्थिति में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण तथा निबंध प्रतियोगिताएं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण के साथ किया गया।

## मोबाइल ऐप से जनरल टिकट की खरीदी में हो रही है लगातार बढ़ोत्तरी




रे.स.ब्यूरो./सूत्रः बिलासपुर-दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्री सुविधाओं के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस शृंखला में ऑनलाइन टिकटिंग सुविधा के बाद मोबाइल से ऐप द्वारा जनरल टिकट खरीदने की सुविधा यात्रियों को दी गई है । इस सुविधा से यात्रियों को स्टेशन पर आकार टिकट काउंटर से लाइन में खड़े होकर टिकट खरीदने की बाध्यता समाप्त हो गई है। इस यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप को यात्रियो का अच्छा रिस्पॉन्समिल रहा है एवं दिनों-दिन इस सुविधा के उपयोग करने वाले यात्रियों की संख्या में वृद्धि हो रही है। यात्रियों को टिकट काउण्टरों में लगने वाली लाइनों से निजात दिलाने, शीघ्र टिकट उपलब्ध कराने के उद्देश्य से घर बैठे यात्रा टिकट बुकिंग के साथ साथसीजन टिकट (एमएसटी) जारी व नवीनीकरण कराने हेतु यूटीएस मोबाइल ऐप की सुविधा प्रदान की गई है ।

यात्री अपने मोबाइल पर इस ऐप को डाउनलोड करके घर बैठे आसानी के साथ त्वरित अनारक्षित टिकट बुकिंग तथा सीजन टिकट (एमएसटी) जारी व नवीनीकरण कर सकते हैं। इस मोबाइल ऐप के माध्यम से प्लेटफॉर्म टिकट भी प्राप्त किये जा सकते हैं ।

उल्लेखनीय है कि स्टेशन से दूर रहने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसके दायरे को ०५ किमी से बढ़ाकर २० किमी भी कर दिया गया है, अर्थात यात्रिगण स्टेशन से २० किमी की दूरी से भी इस ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुकिंग तथा सीजन टिकट (एमएसटी) जारी व नवीनीकरण कर सकते हैं। इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष के अप्रैल' २०२२ से नवंबर' २०२२ तक कुल आरक्षित टिकटों की बूकिंग में ७० प्रतिशत से भी अधिक मोबाइल टिकटिंग से बुक किए गए।

इसी प्रकार इसी समान अवधि में लगभग १२ लाख से भी अधिक रेल यात्रियों ने यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप (UTS on Mobile app) के द्वारा अनारक्षित टिकट की खरीदी कर यात्रा की ।

> ''मनुष्य को ठंडा रहना चाहिए, क्रोध नहीं करना चाहिए। लोहा भले ही गर्म हो जाए, हथौड़े को तो ठंडा ही रहना चाहिए अन्यथा वह स्वयं अपना हत्था जला डालेगा। कोई भी राज्य प्रजा पर कितना ही गर्म क्यों न हो जाये, अंत में तो उसे ठंडा होना ही पड़ेगा।''
>
> -सरदार वल्लभभाई पटेल

# मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की द्वितीय बैठक संपन्न




रे.स.ब्यूरो./सूत्रः झांसी: मण्डल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति सत्र २०२२-२३ की द्वितीय बैठक मण्डल कार्यालय झांसी में दिनांक २३.१२.२२ को आशुतोष मण्डल रेल प्रबंधक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक की शुरुआत वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशिकांत त्रिपाठी के सचिवीय संबोधन के साथ हुई। शशिकांत ने समीति के अध्यक्ष मण्डल रेल प्रबन्धक आशुतोष एवं समिति के सदस्यों सहित रेल अधिकारियों का स्वागत किया। बैठक के अध्यक्ष आशुतोष मण्डल रेल प्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा कि झांसी मण्डल उत्तर मध्य रेलवे का सबसे बड़ा व महत्वपूर्ण मण्डल है। यह मण्डल देश के उत्तरी भाग को दक्षिणी भाग एवं पूर्वी भाग को पश्चिमी भाग से जोड़कर रेलों के पारगमन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। उन्होंने मण्डल में उपलब्ध यात्री सुविधाओं के बारे में विस्तार से नवीनतम् जानकारी दी तथा निकट भविष्य में झाँसी, ग्वालियर, खजुराहो, चित्रकूट, दतिया स्टेशन सहित अन्य स्टेशनों के सौन्दर्यीकरण, आधुनिकीकरण आदि से सम्बंधित जानकारी दी। इसके पश्चात वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशिकांत त्रिपाठी ने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मंडल की उपलब्धियों एवं यात्री सुविधाओं का विस्तार, समीति के समक्ष प्रस्तुत किया, तत्पश्चात मंडल रेल प्रबंधक ने सदस्यों से सुझाव प्रस्तुत करने का आग्रह किया। बैठक में १३ में से कुल १० सदस्य उपस्थित रहे उपस्थित सदस्यों में प्रदीप तिवारी, हिर्देश तिवारी, प्रदीप कुमार गर्ग, भागीरथ नगाइच, हबीब खान, राजनारायण सिंह, श्रवण कुमार गुप्ता, राकेश कुमार पाल, नीलकमल माहेश्वरी तथा अमित बुधौलिया उपस्थित रहे। सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा यात्री सुविधाओं में विकास सम्बंधित परामर्श मंडल प्रशासन के समक्ष रखे। समिति के अध्यक्ष आशुतोष द्वारा उक्त सभी सुझावों पर गंभीरतापूर्वक सुनकर यथासंभाव पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) अतुल कनौजिया, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक (समिति के सचिव) शशिकांत त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेन्द्र नाथ, आशुतोष चौरसिया वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), अखिल शुक्ल वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबन्धक, देवानंद यादव वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक (द्वितीय), वरिष्ठ मण्डल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियन्ता (समन्वय) अमित गोयल, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजिनीयर (टीआरडी) मयंक शाण्डिल्य, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक संतोष कुमार, नितिन कुमार गुप्ता वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजिनीयर (सामान्य), विवेकानंद नारायण वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक अमित कुमार आदि उपस्थित रहे। बैठक के अंत में मंडल रेल प्रबंधक आशुतोष एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशिकांत द्वारा सभी सम्मानित सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंट किये गए तथा वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक शशिकांत त्रिपाठी द्वारा सभी सदस्यों एवं उपस्थित अधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया।

**सभी जेड.आर.यू.सी.सी./डी.आर.यू.सी.सी.सदस्य**

उक्त पत्रिका आपको नियमित रूप से भेजी जा रही है। कृपया अपने परिक्षेत्र में हुए रेल सुधारों /सुझावों के बारे में अपना लेख प्रकाशन हेतु हमें भेजने की कृपा करें।

प्रधान सम्पादक- ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव
मो. 9793956044, 9935224867

# बेतवा नर्सरी स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन




रे.स.ब्यूरो./सूत्रः झांसी: महिला कल्याण संगठन, उत्तर मध्य रेलवे, झांसी द्वारा प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में वर्ष १९६५ से संचालित बेतवा नर्सरी स्कूल में दिनांक १७.१२.२०२२ को सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मण्डल रेल प्रबन्धक आशुतोष द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में रेनू गौतम अध्यक्षा, महिला कल्याण संगठन, झाँसी उपस्थित रही। कार्यक्रम का प्रारंभ गणेश स्तुति द्वारा किया गया। साथ ही मिक्स डांस, माँ पर आधारित नृत्य, जल ही जीवन एवं आज की शिक्षा प्रणाली पर अधारित नाटय रूपान्तरण ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान बेस्ट स्टूडेण्ट का अवार्ड तथा प्रत्येक कक्षा से जागरूक अभिभावक को भी सम्मानित किया गया। इस बार वार्षिकोत्सव पर पहली बार एल्युमिनाए मीट का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अन्त में अध्यक्षा रेनू गौतम ने बच्चों के प्रस्तुति की जमकर तारीफ की तथा अपनी स्पीच में अनुरोध किया कि अभिवावक बच्चों को छोटी आयु से ही समाज में प्रचलित समस्याओं के बारे में जागरूक बनायें व कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये सभी को बधाई दी। कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक इन्फ्रॉविवेक मिश्रा, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) अतुल कनौजिया, मुख्य कारखाना प्रबंधक/सी. एम.एल.आर. दीपक निगम, मुख्य कारखाना प्रबंधक /वैगन रिपेयर वर्कशॉप आर. डी. मौर्या, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (इंचार्ज) डॉ सुरेंद्र नाथ, मुख्य परियोजना प्रबंधक/ RVNL के.के.तलरेजा, महिला कल्याण संगठन की उपाध्यक्षा गुजंन निगम, अनीता मौर्या, सारिका उन्नति, सविता शुक्ला, डॉ. शशि नाथ,पूनम तलरेजा, सचिव मोनिका गोयल, कोषाध्यक्षा गौरी यादव, सह-सचिव प्रियंका गुप्ता एवं स्कूल इंचार्ज माधुरी सिंह, एवं सुमन, मनुश्री, सारिका तिवारी एवं अन्य रेलवे अधिकारी गण उपस्थित रहें।

कार्यक्रम का संचालन स्कूल की प्रधानाचार्या बबीता दत्ता द्वारा किया गया।

# माघ मेले में पहली बार पांच सौ बेड की डारमेट्री



रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। नगर विकास मंत्री अरविंद शर्मा ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये महाकुंभ के रिहर्सल के तौर पर माघ मेला बसाने की तैयारियों की शनिवार दिनांक: १७.१२.२०२२ को समीक्षा की। जिसमें पहली बार माघ मेले में संतों-भक्तों के लिए पांच सौ बेड की डारमेट्री बनाने की जानकारी दी गई।

इसमें एक छोटी टेंट सिटी के निर्माण के साथ ही ५०० बेड की ड रमेट्री बनाने, वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी कराने, एलसीडी के माध्यम से प्रयागराज एवं कुंभ के महत्व को दर्शाने के साथ ही बड़ी संख्या में मेला मित्रें की तैनाती करने के बिंदुओं पर चर्चा की गई।

मंत्री ने सभी पांच सेक्टरों को जोन और सर्किल में बांटते हुए उनकी मैपिंग कराने के साथ ही हर चौराहे पर यू आर हियर का साइन बोर्ड लगाने का निर्देश दिया।इसके अलावा संगम पर वाटर स्पोर्ट्स, स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई पर फोकस करने की योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। नगर विकास मंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विभागवार तैयारियों की समीक्षा की।

# केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने खेलो इंडिया डैशबोर्ड का किया शुभारंभ



पसूका/नई दिल्लीः केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने दिनांक २३.१२.२०२२ को नई दिल्ली में खेलो इंडिया के नए डैशबोर्ड का शुभारंभ किया। इस डैशबोर्ड में खेलो इंडिया योजना और खेलो इंडिया आयोजनों से संबंधित सभी सांख्यिकीय आंकड़ उपलब्ध हैं। इस अवसर पर युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री निसिथ प्रमाणिक तथा युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय एवं साई के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। खेलो इंडिया डैशबोर्ड को वास्तविक समय के आधार पर अपडेट किया जाएगा और इसका उद्देश्य एक विशिष्ट वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म बनना है, जिसके माध्यम से देश के प्रत्येक नागरिक को खेलो इंडिया योजना के विभिन्न प्रस्तावों के बारे में समस्त जानकारी प्राप्त होगी। डैशबोर्ड के बारे में चर्चा करते हुए अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा, "यदि आप भारत सरकार के कार्यों पर गौर करें, तो आप पाएंगे कि चाहे कारोबार करने की सुगमता हो, जीवनयापन की सुगमता हो या अनुपालन की सुगमता हो, उसके द्वारा हमेशा सुगम पहुंच और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। इसी विचार को ध्यान में रखते हुए खेलो इंडिया डैशबोर्ड लॉन्च किया गया है। यह एक विशिष्ट प्लेटफॉर्म है, जिसके माध्यम से खेलो इंडिया योजना के संबंध में प्रत्येक व्यक्ति को, चाहे वह कोई आम आदमी हो या खिलाड़ी, सभी तरह की जानकारी प्राप्त करने में मदद मिलेगी और उन्हें कोई भी जानकारी प्राप्त करने के लिए विविध स्थानों पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। इस डैशबोर्ड पर जियोटैगिंग वाले खेल के मैदानों की जानकारी उपलब्ध है। केंद्रीय मंत्री की बात को आगे बढ़ाते हुए प्रमाणिक ने कहा, यह प्लेटफॉर्म न केवल लोगों को खेलो इंडिया योजना के बारे में जानकारी प्राप्त करने में मदद करेगा, बल्कि खेलों के बुनियादी ढांचे, फिट इंडिया और खेल के मैदान के विकास के संबंध में हुई प्रगति के बारे में भी जानकारी पाने में मदद करेगा। इस विशिष्ट प्लेटफॉर्म पर खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी), खेलो इंडिया अकादमियों, साई प्रशिक्षण केंद्रों और नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीओई) के बारे में भी डेटाबेस उपलब्ध है, जो खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों के प्रशिक्षण की सुविधाओं से युक्त निकटतम केंद्र तलाशने में मदद करेगा।

केंद्रों को भारत के मानचित्र पर जियोटैग किया गया है, ताकि किसी खेल विशेष के खिलाड़ी को पूरे भारत में उसकी पसंद का केंद्र तलाशने में मदद मिल सके।

## काकोरी के शहीदों की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित



साभारः काकोरी बलिदान सप्ताह काकोरी के शहीदों की स्मृति कार्यक्रम के रविवार दिनांकः १८.१२.२०२२ को क्षेत्रीय अभिलेखागार संस्कृति विभाग, प्रयागराज तथा जिला प्रशासन प्रयागराज की ओर से नुक्कड़ नाटक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप केसरी देवी पटेल सांसद फूलपुर प्रयागराज एवं दिलीप चौरसिया जिला उपाध्यक्ष बीजेपी ने शिरकत की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोकगायक उमेश कनौजिया द्वारा लोकगीत एवम् इंद्रजीत पटेल द्वारा आल्हा गायन प्रस्तुति द्वारा शहीदो को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर भोलानाथ कनौजिया जिला विकास जिला, कपिल कुमार उपायुक्त मनरेगा प्रयागराज, गुलाम सरवर पांडुलिपी अधिकारी, राकेश कुमार वर्मा प्राविधिक सहायक प्रयागराज, चंद्रबली पटेल समाजसेवी, रंगबाली पटेल, विकास यादव तथा गणमान्य अतिथिगणों की उपस्थित रही।

# भारतीय रेलवे ने माल गाड़ी के ६००० हॉर्स पॉवर के इलेक्ट्रिक इंजन के निर्माण और रख-रखाव का ठेका सीमेंस इंडिया को किया प्रदान

पसूका/नई दिल्लीः भारतीय रेलवे ने सीमेंस, इंडिया को मालगाड़ी के ६००० हॉर्स पॉवर के इलेक्ट्रिक इंजन के निर्माण और रख-रखाव के लिए ठेका प्रदान किया है। दाहोद में रेलवे कारखाना ११ वर्षो की अवधि में १२०० उच्च हॉर्स पॉवर (६००० एचपी) के इलेक्ट्रिक इंजन का निर्माण करेगा। इस कारखाने में १२०० लोकोमोटिव का निर्माण और ३५ वर्षो तक इन इंजनों का रख-रखाव किया जाएगा। करों और मूल्य भिन्नता को छोड़कर, अनुबंध का अनुमानित मूल्य लगभग २६००० करोड़ रुपये (लगभग ३.२ बिलियन अमरीकी डालर) है। ठेका जारी होने के ३० दिनों के भीतर सीमेंस इंडिया के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। आने वाले दो वर्षों में प्रोटो-टाइप इंजन वितरित किए जाने हैं। इन इंजनों के निर्माण के लिए दाहोद इकाई दो साल की अवधि के भीतर पूरी तरह से तैयार हो जाएगी। तकनीकी भागीदार के रूप में चुनी गई सीमेंस इंडिया दाहोद में इन इंजनों का निर्माण करेगी और रेलवे कर्मचारियों का उपयोग करते हुए ३५ वर्षों की अवधि के लिए चार रख-रखाव डिपो - विशाखापत्तनम, रायपुर, खड़गपुर और पुणे में इन इंजनों का रख-रखाव करेंगे। यह कारखाना उपयुक्त आर्थिक संचालक विनिर्माण के पूर्ण स्वदेशीकरण को सुनिश्चित करेंगे जो बदले में सहायक विनिर्माण इकाइयों के विकास को बढ़ावा देगा, जिससे यह सही मायने में 'मेक इन इंडिया' पहल के दृष्टिकोण को पूरा करेगी। इस परियोजना से दाहोद क्षेत्र का विकास भी होगा और क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। ये उच्च हॉर्स पॉवर (६००० एचपी) के इंजन भारतीय रेलवे की माल ढुलाई के लिए भविष्य के वर्कहॉर्स साबित होंगे। इन इंजनों को मुख्य रूप से पश्चिमी समर्पित माल ढुलाई गलियारा-डीएफसी और रेलवे के ग्रेडेड सेक्शन पर ४५०० टन के डबल स्टैक कन्फिगरेशन में ७५ किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से २०० ग्रेडिएंट में कंटेनर माल गाड़ियों को खींचने के लिए उपयोग करने की योजना है और ऐसी रेलगाड़ियों की औसत गति को मौजूदा २०-२५ किलो मीटर प्रति घंटे से बढ़ाकर लगभग ५०-६० किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचाना है। संचालन मानकों में क्वांटम जम्प से थ्रूपुट में वृद्धि होगी और लाइन क्षमता में भी वृद्धि होगी। अत्याधुनिक आईजीबीटी आधारित ईंधन तकनीक से सूसज्जित ये इंजन रीजेनरेटिव ब्रेकिंग तकनीक के कारण ऊर्जा की खपत में बचत करेंगे।

इस कारखाने में निर्यात बाजार के लिए स्टैंडर्ड गेज इंजन के निर्माण और आपूर्ति का प्रावधान है। भारतीय रेलवे ने तकनीकी साझेदार की देख-रेख में रेलवे कर्मचारियों का उपयोग करते हुए इन इंजनों के निर्माण और रखरखाव के लिए प्रौद्योगिकी भागीदार के रूप में एक निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से सीमेंस इंडिया का चयन किया है।

## रोजगार मेले में ११६ अभ्यर्थियों का हुआ चयन



साभारः क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज के परिसर में दिनांक २४.१२.२०२२ को एक रोजगार मेला का आयोजन किया गया, उक्त मेले में कुल ११६ अभ्यर्थियों का चयन किया गया। मेले में लगभग १७७ बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। इस मेले में निजी क्षेत्र की कम्पनी ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल्स एण्ड आयुर्वेदिक प्रा०लि० द्वारा १४, फ्यूजन माइक्रो फाइनेंस लि० द्वारा ०३, पीपल ट्री आनलाइन द्वारा ६६, गोल्डेन फार्मा एग्रीकल्चर प्रा०लि० द्वारा ०६, एल०आई०सी० ऑफ इण्डिया द्वारा ०७ एवं पी०एन०बी० मेट लाइफ लि० द्वारा १७ अभ्यर्थियों का चयन किया गया । रोजगार मेले में आये हुए अभ्यर्थियों की प्रीप्लेसमेंट काउंसिलिंग का भी आयोजन किया। उपरोक्त रोजगार मेले का उद्घाटन चन्द्रकान्त सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी, प्रयागराज द्वारा किया गया । इस रोजगार मेले में सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों ने सहायोग किया।

# माघ मेला क्षेत्र में भूमि आवंटन के कार्य को पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाए पूरा- केशव प्रसाद मौर्य



साभारः उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में शनिवार दिनांकः २४.१२.२०२२ को सर्किट हाउस में माघ मेला की तैयारियों के सम्बंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि माघ मेला क्षेत्र में भूमि आवंटन का कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ पूर्ण किया जाये। उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि किसी को भी भूमि आवंटन में कोई असुविधा न होने पाये। उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि भूमि आवंटन के साथ ही लोगो को बिजली, पानी, शौचालय सहित जो अनुमन्य सुविधाएं है, उनको समय से अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाये तथा सुविधाओं में गुणवत्ता का भी ध्यान रखा जाये। किसी को भी अनुमन्य सुविधाओं को प्राप्त करने में कोई समस्या न होने पाये। उन्होंने मेला क्षेत्र में कोविड-१६ के दृष्टिगत कोविड प्रोटोकॉल के पालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कर ली जाये। उपमुख्यमंत्री जी ने मेला क्षेत्र में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिए जाने के लिए कहा है साथ ही साथ उन्होंने सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने कुम्भ-२०२५ का भी व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने के लिए कहा है। मेला क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त बनाये रखने के लिए कहा है। माघ मेला क्षेत्र में अरैल के साथ सिटी साइड के मेला क्षेत्र में भी टेंट सिटी की व्यवस्था किए जाने एवं उसकी ऑनलाइन बुकिंग की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा है। उपमुख्यमंत्री ने सत्संग पण्डालों में भी चार्जिग प्वाइंट, शौचालय, पीने के पानी सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने मेला को और अधिक भव्य, सुंदर व आकर्षण युक्त बनाये जाने हेतु मल्टी कलर लाईट की व्यवस्था किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने गंगा जी में अविरल, निर्मल एवं पर्याप्त मात्रा में जल की आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि गंगा जी एवं यमुना जी में कोई भी प्रदूषित पानी न जाने पाये। उन्होंने नालों को शत-प्रतिशत टैप्ड कराये जाने के लिए कहा है। कहा कि बिना शोधित किए हुए कोई भी पानी गंगा एवं यमुना जी में न जाने पाये। उन्होंने मेला क्षेत्र में अग्निशमन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के साथ-साथ विद्युत विभाग को शार्ट सर्किट की घटनाओं के दृष्टिगत नए विद्युत तारों से वायरिंग कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने मेला क्षेत्र के एंट्री प्वाइंट पर एवं रेलवे, बस स्टेशनों तथा एयरपोर्ट पर कोविड-१६ के दृष्टिगत टेस्टिंग, मास्क, सैनेटाइजर सहित कोविड प्रोटोकॉल के अनुपालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित किए जाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। बैठक में इसके अलावा उपमुख्यमंत्री जी ने धान खरीद की समीक्षा करते हुए कहा कि किसानों को अपना धान बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, समय से भुगतान हो जाये। उन्होंने चकमार्गो को खाली कराये जाने के लिए भी प्रभावी कार्यवाही करने के लिए कहा है। अस्पतालों में जांच एवं दवाओं की समुचित व्यवस्था बनाये रखने के लिए कहा है। इस अवसर पर सांसद केशरी देवी पटेल, विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्य, विधान परिषद सदस्य सुरेन्द्र चौधरी एवं निर्मला पासवान, भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी, अवधेश चन्द्र गुप्ता, मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा, जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, मेलाधिकारी अरिवंद सिंह चौहान सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

> इनसान महान पैदा नहीं होता है, उसके विचार उसे महान बनाते हैं. विचार और काम की शुद्धता और सरलता ही महान लोगों को आम लोगों से अलग करती है. वे वही काम करते हैं, जो दूसरे करते हैं, लेकिन उनका मकसद समाज में बदलाव लाना होता है।
>
> -महात्मा गांधी

# आजादी का अमृत महोत्सव जागरूकता रथ को सांसद प्रो. रीता बहुगुणा जोशी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




साभारः आजादी का अमृत महोत्सव के प्रचार जागरूकता रथ को प्रयागराज की सांसद प्रोफेसर रीता बहुगुणा जोशी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रथ प्रयागराज शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घूमकर कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार करेगा। इस अवसर पर प्रो० जोशी ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव देश को आजादी दिलाने वाले वीरो की गाथा है। इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम से सबको जानकारी मिलती है। ब्यूरो के उप निदेशक आरिफ हुसैन रिजवी ने बताया है कि इस जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आजादी का अमृत महोत्सव पर आधारित चित्र प्रदर्शनी, संगोष्ठी, समूह चर्चा, व्याख्यान, प्रतियोगिताएं व सांस्कृतिक कार्यक्रमों आदि का आयोजन किया जाना है। साथ ही प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से पुरस्कार व प्रमाण पत्र भी प्रदान किये जाएंगे। २५ व २६ दिसम्बर के मुख्य कार्यक्रम में सभी प्रवेश निःशुल्क रहेगा। ब्यूरो के वरिष्ठ सहायक राम मूरत विश्वकर्मा ने बताया कि चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में रोचक ढंग से जानकारी दी जाएगी जिसमें प्रमुख रूप से असहयोग आंदोलन, खिलाफत आंदोलन, सविनय अवज्ञा, भारत छोड़ो आंदोलन आदि के चित्रों को प्रमुख रूप से शामिल किया गया है। इस अवसर पर कालेज के अध्यापक मनोज गुप्ता, मुरारी लाल पूर्व उप नगर प्रमुख, विजय पुर्सवानी पूर्व सभासद, विजय बहादुर सिंह, ओम प्रकाश, हरी लाल, शंकर लाल श्रीवास्तव आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

**पाठकों से**

आपको यह अंक कैसा लगा? इसमें आप और क्या परिवर्तन चाहते है। कृपया अपने सुझावों, आलोचनाओं से अवश्य ही अवगत करायें। आपके पत्रों का हमें इंतजार रहेगा।

प्रधान सम्पादक

# सीनियर राष्ट्रीय महिला मुक्केबाजी चौंपियनशिप में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन




रे.स.ब्यू./सूत्र बिलासपुर छठवीं एलीट सीनियर राष्ट्रीय महिला मुक्केबाजी चौंपियनशिप २०२२ में (पुरुष और महिला) का आयोजन मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में दिनांक २० से २६ दिसम्बर, २०२२ तक सम्पन्न हुआ । इस प्रतियोगिता में भारतीय रेलवे के १० महिला खिलाडियों ने १० विभिन्न भार वर्ग में भाग लिया, जिनमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ०२ प्रतिभागीयों (पूनम व शशि चोपरा) सम्मिलित थीं । इस छठवीं एलीट सीनियर राष्ट्रीय महिला मुक्केबाजी चौंपियनशिप २०२२ में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ियों ने अपने अपने परिक्षेत्र में शानदार प्रर्दशन किया है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की कु. शशि चोपरा ने स्वर्ण पदक, कु. पूनम ने स्वर्ण पदक एवं एस कलैवानी ने रजत पदक हासिल किया । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की कु. शशि चोपरा ने ६३ कि ग्रा. भार वर्ग में स्वर्ण पदक एवं कु. पूनम ने ६० कि ग्रा. भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कु. एस कलाइवानी ने ४८ कि ग्रा. भार वर्ग में रजत पदक हासिल किया। कु. एस कलाइवानी ने इस प्रतियोगिता में तमिलनाडु राज्य का प्रतिनिधित्व किया था ।

# युवाओं को वैश्विक अर्थव्यवस्था की चुनौतियों हेतु तैयार करने में विश्वविद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका- आनंदीबेन पटेल




साभारः राज्यपाल, उ0प्र0 आनंदीबेन पटेल प्रो0 राजेन्द्र सिंह(रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। मंगलवार दिनांकः २०.१२.२०२२ को राज्यपाल ने दीक्षांत समारोह कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर किया। दीक्षांत समारोह में कुल १४२ छात्र-छात्राओं को पदक तथा १,१६,३७७ छात्रों को उपाधि दी गयी। राज्यपाल ने राज्य विश्वविद्यालय कैम्पस को ग्रीन कैम्पस में बदलने की कड़ी में विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण सौगात देते हुए निःशुल्क साईकिल की सुविधा का शुभारम्भ भी किया गया।राज्यपाल ने विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए प्राथमिक विद्यालय हरिजन बस्ती सरायबहार सोरांव ब्लाक, पूर्व माध्यमिक विद्यालय सरायबहार के बच्चों को बैग व फल का वितरण किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में उपस्थित डॉ0 कृष्णास्वामी कस्तूरीरंगन पूर्व चेयरमैन इसरों सहित सभी महानुभावों का स्वागत व अभिनन्दन करती हूँ। उन्होंने प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) जिनके नाम से यह विश्वविद्यालय स्थापित है, को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि समाज सुधारक प्रोफेसर राजेंद्र सिंह जी का प्रयागराज की धरती से अतिशय लगाव था। उनका शैक्षिक क्षेत्र में अप्रतिम योगदान रहा है। राज्यपाल ने कहा कि इसरों के पूर्व चेयरमैन डॉ0 कृष्णास्वामी कस्तूरीरंगन का विश्व स्तर पर देश को अग्रणी बनाने में महत्वपूर्ण स्थान रहा है। राज्यपाल ने कहा कि आज जिन छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल मिला है, उनको बधाई देती हूँ, और जिन को नहीं मिला है उनको भी बधाई देती हूं, क्योंकि परिश्रम तो सभी विद्यार्थियों ने किया है, अंतर मात्र कुछ अंको का होता है, और वही मेडल मिलना तथा न मिलना निर्धारित करता हैं। राज्यपाल महोदया ने कहा कि आज के इस विशेष दिवस पर यहां से जीवन में कुछ सर्वोत्तम करने का दृढ़ संकल्प करके जाइए। उन्होंने आज उपाधि प्राप्त सभी छात्र-छात्राओं को हृदय से शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह समारोह उन विद्यार्थियों के लिए ही महत्वपूर्ण नहीं है, जिन्हें आज उपाधि मिली है, यह दिन नए भारत के निर्माण में अग्रसर हो रही छात्र शक्ति के लिए भी महत्वपूर्ण है। एक समय ऐसा भी था जब हर जगह बिजली उपलब्ध नहीं थी। तमाम अव्यवस्थाओं के बीच भी पढ़ने वाले बच्चे पढ़ लिखकर आगे बढ़े है और देश का नाम रोशन किए है। उन्होंने कहा कि अगर हमारे अंदर पढ़ने की ललक होगी, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं है। राज्यपाल महोदया ने कहा कि देश जब अपना १००वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा होगा, तब देश को आप कहां पर ले जाना चाहते है, यह आप जैसे युवाओं को तय करना है। आप के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी है। आपलोगो को आगे आकर देश के लिए कुछ करने का संकल्प लेना है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें पानी, नदियों, तालाबों, वृक्षों को बचाये रखने के लिए आगे आना होगा तथा लोगो को जागरूक करना होगा कि वे पर्यावरण की महत्वता को समझे। राज्यपाल ने पदक एवं उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं से आह्वाहन किया कि वे पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पौधे का रोपण अवश्य करें।उन्होंने बच्चों से पोषणयुक्त अनाज (मोटे अनाज) का अधिक से अधिक अपनी दिनचर्या में इस्तेमाल लाये जाने के लिए कहा है।

**समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा**

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. 329/255 ए चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 502 पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर, कीडगंज इलाहाबाद-211003 से प्रकाशित। आर.एन. आई नं. 51097.90 पोस्ट ए.डी-8
मो. 9793956044,9935224867
फोन नं.-0532-2418040

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न



साभारः संगम सभागार प्रयागराज में विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन वाजपेयी एवं जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की उपस्थिति में जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में शहर उत्तरी के विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी ने सभी शाखा प्रबंधकों एवं सम्बंधित अधिकारियों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से सम्बंधित लाभार्थियों को आवेदन पत्रों को ससमय निस्तारित करते हुए पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने सीएफएल बीमा योजना के बारे में लोगो को जागरूक किए जाने हेतु कैम्प लगाकर प्रचार-प्रसार कराये जाने के लिए कहा है। बैठक में जिलाधिकारी ने किसान क्रेडिट कार्ड, ऋण जमानुपात, स्वतः रोजगार, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजन, पीएम स्वनिधि योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना सहित अन्य योजनाओं से सम्बंधित बैंकों में लम्बित आवेदन पत्रें के निस्तारण की समीक्षा की। उन्होंने ऋण जमानुपात की समीक्षा करते हुए समस्त बैंको के शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया कि जिले के सर्वांगीण विकास हेतु प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों के लिए अधिक से अधिक ऋण वितरित करके हर-हाल में आवंटित लक्ष्य की प्राप्ति करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी बैंक मुद्रा लोन, स्टैण्डअप इण्डिया, वेयर हाउस, बकरी पालन, स्वयं सहायता समूहों तथा व्यापारियों को व्यापार हेतु खुदरा ऋण देते हुए जनपद का ऋण जमानुपात बढ़ायें। किसान क्रेडिट कार्ड की समीक्षा करते हुए बैंको से प्राप्त डाटा के अनुसार भौतिक लक्ष्य के सापेक्ष कम किसान कार्ड निर्गत किए जाने पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने सभी जिला समन्वयकों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप अधिक से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड निर्गत करते हुए जनपद को केसीसी से संतृप्त करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों को विभिन्न योजनाओं से सम्बंधित लम्बित आवेदन पत्रों को निर्धारित समयसीमा में निस्तारित करते हुए पात्र लोगो को लाभान्वित कराये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकरी ने डूडा द्वारा संचालित एसईपी योजना के अन्तर्गत बैंको में लम्बित पत्रावलियों को समय निस्तारित किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी जिला समन्वयकों को बैंको से समन्वय स्थापित करते हुए बैंको में लम्बित पत्रावलियों को तत्काल निस्तारण कराये जाने का निर्देश दिया है। साथ ही साथ उन्होंने पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत लम्बित आवेदन पत्रों को भी निस्तारित करते हुए पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित कराये जाने का निर्देश दिया है। पीएम किसान फसल बीमा योजना के तहत रजिस्ट्रेशन की प्रगति कम पाये जाने पर जिलाधिकारी ने बैंको को इसको ठीक कराये जाने का निर्देश दिया है। बैठक में बीयूपीबी के प्रबंधक के अनुपस्थित रहने पर उनसे स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। विधायक शहर उत्तरी श्री हर्षवर्धन वाजपेयी एवं जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक की प्रकाशित संभाव्यता युक्त ऋण योजना पुस्तक का विमोचन भी किया।

**पाठकों से अनुरोध**

विगत वर्षो की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।
सहयोग राशिः
१.उच्चतम अधिकारी- ५००० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- ३५०० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-२५०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-१०००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव/ अनिल केन
रेल समाचार ब्यूरो कैंप कार्यालय-८४३६ आर्य नगर पहाड़गंज दिल्ली-५५

# आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण के लिए संकल्पबद्ध है सरकार-गुरु प्रसाद मौर्य विधायक




साभारः केन्द्रीय संचार ब्यूरो, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार प्रयागराज द्वारा संचालित तीन दिवसीय आजादी का अमृत महोत्सव और सुशासन दिवस प्रचार अभियान व चित्र प्रदर्शनी का समापन हो गया। रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज, राजापुर परिसर में आयोजित दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी, संगोष्ठी और प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न कार्यक्रमों के समापन समारोह में विधायक गुरू प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं और उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण का सपना आजादी के संघर्षो के इतिहास से प्रेरणा लेकर ही पूरी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत स्वतंत्रता संग्राम के उन नायकों के बारे में भी जन सामान्य को जानकारी दी जाने का प्रयास किया जा रहा है जिन्हें इतिहास के पन्नों में जगह नहीं मिली थी।

मौर्य ने इस अवसर पर छात्र-छात्राओं का आह्वान किया कि वे प्रदर्शनियों के माध्यम से दी जा रही जानकारियों को आत्मसात करें और आगे बढ़ने की प्रेरणा लें। इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्ध समिति के सचिव और हंडिया पी.जी. कालेज के पूर्व प्राचार्य डॉ० रधुराज प्रताप सिंह भी उपस्थित थे।

समारोह के दौरान अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए छात्र-छात्राओं को स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास की जानकारी होनी चाहिए।

इस अवसर पर ब्यूरो के उप निदेशक आरिफ हुसैन रिजवी ने श्री मौर्य और डॉ० सिंह को अंगवस्त्रम और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। समारोह के विशिष्ट अतिथि सुनील कुमार शुक्ल ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों और विद्यालय के शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी से आमजन विशेषकर नई पीढ़ी को अपने स्वतंत्रता सेनानियों को जानने का मौका मिलता है।

# कोविड प्रोटोकॉल में होगा प्रयागराज का माघ मेला

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज संगम की रेती पर संतों-भक्तों के समागम के रूप में बसने वाला माघ मेला कोविड प्रोटोकॉल में होगा। माघ मेले में कोरोना के नए वैरिएंट बीएफ.७ का संक्रमण रोकने के लिए १६ प्रवेश द्वारों पर थर्मल स्कैनिंग कराई जाएगी। इसके लिए गाइड लाइन जारी कर दी गई। कल्पवास आरंभ होने से पहले दूसरे राज्यों या इलाकों से कोरोना संक्रमण लेकर कोई भी माघ मेला क्षेत्र में प्रवेश न करने पाएं, इसके लिए मेले के सभी १६ प्रवेश द्वारों पर हेल्प डेस्क के साथ ही जांच टीमें तैनात की जाएंगी। इसके लिए सौ से अधिक टीमें लगाई जाएंगी, ताकि मेला क्षेत्र में संक्रमण न फैल सके। माघ मेले में कोरोना संक्रमण रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। इस बार कल्पवास छह जनवरी से आरंभ होगा। इससे पहले प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए हर शिविर को सूचीबद्ध कराया जाएगा। वहां कल्पवासियों के शिविरों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को ब्योरा देना होगा।






# संरक्षा आयुक्त (रेलवे) ने किया सांकी-सिधवार रेलखंड का निरीक्षण




रे.स.ब्यू./सूत्र/हाजीपुर : सुवोमोय मित्र, संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्व सर्किल, कोलकाता द्वारा दिनांक २०.१२.२०२२ को कोडरमा-रांची नई रेल लाईन परियोजना के अंतर्गत चौथे और अंतिम चरण में नवनिर्मित सांकी-सिधवार रेलखण्ड (२७ किमी) का निरीक्षण किया गया। साथ ही संरक्षा आयुक्त (रेलवे) द्वारा विशेष ट्रेन से सफलता पूर्वक स्पीड ट्रायल भी किया गया। इस क्रम में संरक्षा आयुक्त (रेलवे) द्वारा इस रेलखंड का गहन जायजा लिया गया । इस अवसर पर धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। विदित हो कि २७ किलोमीटर लंबा सांकी-सिधवार रेलखंड लगभग ३८०० करोड़ रूपए लागत वाली कोडरमा-रांची (२०२ किमी) मुख्य परियोजना का भाग है । नवनिर्मित सांकी-सिधवार रेलखंड पर ०४ टनल, ३२ कर्व और ०५ बड़े रेलपुलों का निर्माण किया गया है। कोडरमा-रांची नई रेल लाईन परियोजना के प्रथम चरण में कोडरमा-हजारीबाग (८० किमी), द्वितीय चरण में हजारीबाग-अरीगडा (५४ किमी) तथा बरकाकाना-सिधवार (०७ किमी), तीसरे चरण में टांटीसिलवे-सांकी (३१ किमी) का कार्य पूरा करते हुए इसकी कमीशनिंग की जा चुकी है। जबकि चौथे और अंतिम चरण में सांकी-सिधवार रेलखण्ड (२७ किमी) का कार्य पूर्ण किया गया जिसका आज सीआरएस द्वारा सफल निरीक्षण किया गया।

इसके चालू हो जाने से रेलमार्ग द्वारा झारखंड राज्य के हजारीबाग, कोडरमा, चतरा, पलामू, गढ़वा, लातेहार इत्यादि जिले से झारखंड की राजधानी रांची की दूरी कम हो जाएगी । साथ ही पटना, गया से भी रांची की दूरी कम हो जाएगी । पैसेंजर और माल यातायात के तीव्र परिवहन से क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी जिससे क्षेत्र के लोग लाभान्वित होंगे ।

हिंदी वह धागा है जो विभिन्न मात भाषाओं रूपी फूलों को पिरोकर भारत माता के लिए सुंदर हार का सर्जन करेगा।

डॉ जाकिर हुसैन

# उत्तर मध्य रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स प्रयागराज में वीर बाल दिवस मनाया गया



रे.स.ब्यू./सूत्रः उत्तर मध्य रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राज्य मुख्यालय, प्रयागराज द्वारा राज्य प्रशिक्षण केन्द्र, सूबेदारगंज में १०वें गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादे बाबा फतेह सिंह और जोरावर सिंह की शहादत के स्मरणोत्सव पर दिनांक २६ दिसम्बर २०२२ को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर डिजिटल प्रदर्शनी को प्रोजेक्टर के माध्यम से सर्विस कैंप २०२२-२३ के प्रतिभागियों व अन्य सभी सदस्यों को दिखाया गया। इस अवसर पर राज्य प्रशिक्षण केन्द्र उत्तर मध्य रेलवे, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स सूबेदारगंज पर आयोजित सर्विस कैंप २०२२-२३, जिसमें कि आगरा, प्रयागराज एवं झांसी मण्डल के रोवर रेंजर व लीडर्स भाग ले रहे हैं, के दौरान राज्य प्रशिक्षण केन्द्र पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) रवि कान्त शर्मा एवं राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) कु. मंजू जोशी द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज बली शर्मा पूर्व राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) एवं पंकज राज कन्नौजिया एवं लीडर्स उपस्थित रहे। किया। उपरोक्त प्रतियोगिताओं में सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया जिसमें जीत हासिल करने वाले कब, बुलबुल, स्काउट, गाइड, रोवर तथा रेंजर को राज्य सचिव मुकेश कुमार कुलश्रेष्ठ उप मुख्य कार्मिक अधिकारी द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया।

## स्वास्थ्य सेवा, मोदी सरकार के प्रमुख फोकस क्षेत्रों में से एक: ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया



प.सु.का/नईदिल्ली केंद्रीय नागर विमानन और इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा मोदी सरकार के प्रमुख फोकस क्षेत्रों में से एक रहा है। उन्होंने दिः २३.१२.२२ को नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा के लिए समग्र दृष्टिकोण के साथ, सरकार रोग के लिए जिम्मेदार कारकों को समाप्त करके और रोगों के उपचार को समावेशी बनाकर स्वास्थ्य के साथ-साथ कल्याण पर ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने आगे कहा, भारत में स्वास्थ्य के क्षेत्र में पिछले ७-८ वर्षों में जितना काम हुआ है, उतना काम पिछले ७० वर्षों में नहीं हुआ था। सिंधिया ने कहा कि पिछले ८ साल स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे के विकास, हर भारतीय के लिए सस्ती व गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने और इस क्षेत्र के साथ प्रौद्योगिकी को एकीकृत करना दिखाते हैं। भारत में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में विभिन्न मोर्चों पर सुधार की जारी है और उसका सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। इनमें सस्ते उपचार व दवाइयां देना, ग्रामीण स्तर पर आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं, मानव संसाधन का विकास, निवारक स्वास्थ्य देखभाल का प्रचार और स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच बढ़ाने के लिए तकनीक का उपयोग शामिल है। सस्ते उपचार व दवाइयां उपलब्ध कराने को लेकर सिंधिया ने कहा कि मोदी सरकार स्वास्थ्य सेवा में 'अंत्योदय' की सोच को कार्यान्वित करके गुणवत्तापूर्ण आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं और सस्ती दवाओं तक पहुंच सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत के तहत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) पूरी तरह से सरकार द्वारा वित्तपोषित विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है। सिंधिया ने बताया कि योग और आयुष को लेकर देश में अद्वितीय जागरूकता आई है। विश्व में योग को लेकर आकर्षण बढ़ा है। स्वच्छ भारत अभियान ने कई रोगों की रोकथाम में सहायता की है। पोषण अभियान और जल जीवन मिशन कुपोषण को नियंत्रित करने में सहायता कर रहे हैं। सिंधिया ने कहा कि तकनीक के उपयोग से सुदूर गांव में रहने वाला कोई व्यक्ति भी शहरों में स्थित चिकित्सकों से शुरुआती परामर्श प्राप्त कर सकता है।

टेली- मेडिसिन सेवा- ई-संजीवनी ने आईसीटी का उपयोग सुदूर क्षेत्र में स्थित रोगियों के डायग्नोसिस (नैदानिकी) ,उपचार और प्रबंधन को सक्षम करने के लिए किया है।

## जिलाधिकारी ने दिए अस्पतालो में सभी आवश्यक व्यवस्थायें बनाये रखने के निर्देश



रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में सोमवार दिनांक २६ दिसम्बर, २०२२ को कोविड प्रबंधन के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को सर्विलांस टीमो, मोबाइल सैम्पलिग टीमो, रैपिड रिस्पांस टीमो को क्रियाशील बनाये रखने तथा एम्बुलेंस को चिन्हित किये जाने के लिए कहा। उन्होंने स्वरूप रानी एवं बेली अस्पतालो में १००-१०० बेड आरक्षित किये जाने के लिये कहा है। जिलाधिकारी ने होने वाले कोविड मॉकडिल के समय कोविड के लिये चिन्हित किये गये अस्पतालो मे दवाओ, कंसनट्रेटर, बेंटीलेटर सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जाच किये जाने के लिये कहा है, साथ ही साथ उन्होंने आक्सीजन प्लांटो की क्रिया शीलता की भी जॉच करने के लिये कहा है। उन्होंने अस्पतालो मे मैनपॉवर की उपलब्धता बनाये रखने तथा पैरामेडिकल स्टॉफ को पुनः प्रशिक्षित कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने जन जागरूकता अभियान भी चलाये जाने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने फ्रंटलाईन वर्करो को चिन्हित करते हुये उनको बूस्टर डोज लगाये जाने के लिए कहा है।

जिलाधिकारी ने कोविड अस्पतालो में विद्युत सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाये सुनिश्चित कराये जाने के लिये कहा है।

## राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर आगरा में कार्यक्रम आयोजित




रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस २०२२ की पूर्व संध्या पर उत्तर प्रदेश उपभोक्ता कल्याण परिषद द्वारा राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस कार्यक्रम का आयोजन यूथ हॉस्टल, संजय पैलेस आगरा में दिनांक २३ दिसंबर २०२२ को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री काउंसिल (एनआरयूसीसी) रेल मंत्रालय एवँ भारतीय खाद्य निगम उत्तर प्रदेश राज्य सलाहकार समिति के सदस्य श्रीकृष्ण गौतम उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन अपर नगर मजिस्ट्रेट तृतीय दीपक पाल द्वारा किया गया । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एसएस चौहान उपस्थित रहे तथा संगठन से जुड़े विभिन्न जिलों के पदाधिकारीयों ने भाग लिया। श्रीकृष्ण गौतम ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते बताया कि भारत में हर साल २४ दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है। साल १९८६ में आज ही के दिन उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम को पारित किया गया था। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस का उद्देश्य, देश के सभी उपभोक्ता के हितों की रक्षा करना और उन्हें अलग-अलग तरह के शोषण से बचाना है। इस अवसर पर उपभोक्ता क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव प्रधान संपादक रेल समाचार ब्यूरो एवं सदस्य क्षेत्रीय रेल सलाहकार समिति उत्तर मध्य रेलवे एवं उपभोक्ता क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे विभिन्न लोगों को सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह देखकर मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के आयोजक संस्था के प्रमुख सचिव नवल परमार ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया तथा भविष्य में संस्था द्वारा चलाए जाने वाले उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

> ''शक्ति के अभाव में विश्वास व्यर्थ है। विश्वास और शक्ति, दोनों किसी महान काम को करने के लिए आवश्यक हैं।''
>
> -सरदार वल्लभभाई पटेल

## महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे ने ट्रैक मशीन कारखाने का किया निरीक्षण

रे.स.ब्यू./संवा. महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे द्वारा सतीश कुमार ने दिनांक ३१.१२ २०२२ को सूबेदारगंज, प्रयागराज स्थित ट्रैक मशीन केंद्रीय आवधिक ओवरह लिंग कारखाने (CPOH& Central Periodical Overhauling Workshop) का निरीक्षण किया। इसी क्रम में उन्होंने निर्देशित किया कि, सभी पीओएच रिकॉर्ड का डिजिटलाइजेशन किया जाए और विभिन्न पीओएच कार्यों और मॉडिफिकेशन का फोटोग्राफिक रिकॉर्ड भी रखा जाए। इस दौरान उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### हमारे ग्राहक

"हमारे पास आने वाला हर ग्राहक एक महत्वपूर्ण अभ्यागत है। वह हम पर निर्भर नहीं है, बल्कि हम उस पर निर्भर हैं। वह हमारे काम में बाधक नहीं, साधक है। वह हमारी कार्य-सीमा से विलग नहीं है, बल्कि उसका ही अंग है। हम उसकी सेवा करके उस पर उपकार नहीं करते वरन् वह हमें सेवा का अवसर प्रदान कर हमें अनुग्रहीत करता है। ग्राहक से तर्क करना उचित नहीं है। उससे तर्क करके अभीतक किसी को सफलता नहीं मिली।" महात्मा गांधी



# अविरल-निर्मल गंगा का संकल्प प्रयागराज कुंभ २०२५ से पहले होगा सफल-सीएम योगी



रे.स.ब्यूरो./सुत्रः लखनऊः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज कुंभ २०२५ से पहले अविरल-निर्मल गंगा का संकल्प पूरा होगा। मुख्यमंत्री बुधवार दिनांकः २१.१२.२०२२ को नमामि गंगे परियोजना की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा गंगा नदी अपने किनारे बसे हुए लोगों की आजीविका का आधार बनेगी। इस दौरान उन्होंने परियोजना की प्रगति की समीक्षा की और अफसरों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मां गंगा, उत्तर प्रदेश को प्रकृति प्रदत्त अनुपम उपहार हैं। गंगा जी के बहाव के सर्वाधिक क्षेत्र उत्तर प्रदेश में है। गंगा व सहायक नदियों की स्वच्छता के इस अभियान में केंद्र व राज्य सरकार के प्रयासों में जनसहयोग भी प्राप्त हो रहा है। आज गंगा नदी में डॉल्फिन की वापसी हुई है तो तकनीक का प्रयोग कर नदियों को स्वच्छ बनाया जा रहा है। यह हमारी आस्था का केंद्र बिंदु हैं तो अर्थव्यवस्था का बड़ा आधार भी हैं। गंगा व सहायक नदियों को अविरल-निर्मल बनाने के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में जारी 'नमामि गंगे परियोजना' के अत्यंत संतोषप्रद परिणाम देखने को मिले हैं।

**कोई भी चीज़ इतनी अच्छी नहीं होती जितनी प्रतीत होती है।**
**जार्ज इलियट**

# मन्नु प्रकाश दुबे बने डीएफसी में अपर महाप्रबंधक/परिचालन एवं व्यवसाय विकास, किया पदभार ग्रहण



रे.स.ब्यू./सूत्र प्रयागराज। वरिष्ठ आईआरटीएस अधिकारी मन्नू प्रकाश दुबे ने डीएफसी प्रयागराज में अपर महाप्रबंधक (परिचालन एवं व्यवसाय विकास) के रूप में २८.१२.२०२२ को पदभार ग्रहण किया। मन्नू प्रकाश दुबे २००८ बैच के आईआरटीएस अधिकारी हैं और पूर्व में रेलवे बोर्ड में निदेशक (यातायात ट्रांसफोर्मेशन) के पद पर कार्यरत थे। वह पूर्वी डेडीकेटेड फ्रेटकोरीडोर के संचालन के प्रभारी होंगे। बता दें की मन्नू प्रकाश दुबे को दो बार माननीय रेलमंत्री पुरस्कार और तीन बार महाप्रबंधक पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। प्रयागराज मंडल के वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक के रूप में, दुबे ने २०१६ में कुंभ मेला के प्रबंधन में मदद की। इस पद पर कार्य करते हुए वे प्रधानमंत्री द्वारा २६ दिसंबर २०२१ को ३५१ किमी. लंबे भाऊपुर-खुर्जा खंड को राष्ट्र को समर्पित करने के कार्य से जुड़े थे।



